कैथोलिक हैल्थ मिनिस्ट्री के लिए पहचान का एक साझा बयान

हम कैथोलिक स्वास्थ्य देखभाल विभाग के लोग हैं। यह चर्च का एक विभाग है जो आज प्यार फैलाने और भलाई के यीशू के मिशन को जारी रखे हुए है। प्रदाता, नियोक्ता, पक्ष-समर्थक, नागरिक के तौर पर – अलग-अलग आस्था व पृष्ठभूमि वाले लोगों को एकजुट करते हुए, हमारा विभाग स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम है जिसकी जड़ें हमारे इस विश्वास में मौजूद हैं कि हर व्यक्ति एक अमूल्य निधि है, हर ज़िंदगी एक पवित्र उपहार है, हर इंसान शरीर, दिमाग और आत्मा की एकता है।

हम न्याय और शांति के बारे में गोस्पल (ईसा चरित) का विज़न साकार करने के लिए काम करते हैं। हम चंगाई/भलाई बढ़ाने, करुणा के साथ काम करने और सभी लोगों और समाज का कल्याण करने की परमेश्वर की पुकार का जवाब देते हैं और साथ ही अपने उन पड़ोसियों का खास ख्याल रखते हैं जो गरीब, वंचित और सबसे ज़्यादा कमजोर हैं। अपने काम से, हम तकलीफ़ों को उम्मीद में बदलने की पूरी कोशिश करते हैं।

चर्च के स्वास्थ्य देखभाल विभाग के तौर पर, हम वचनबद्ध हैं:

- मानवीय गरिमा को बढ़ावा देना और इसकी रक्षा करना
- होल पर्सन (शरीर, दिमाग, आत्मा) के काम आना
- गरीब और कमजोर लोगों की देखभाल करना
- सभी की भलाई को बढ़ावा देना
- न्याय की ओर से काम करना
- संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना
- चर्च के सेवक के रूप में काम करना

© The Catholic Health Association of the United States